तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 16 मई 2026



14 वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए डीआईजी ने ली पुलिस ...





12 बारिश से पहले सभी नालों की सफाई के ...











## खबर संक्षेप

### राज्यपाल रमेन डेका का 17 मई को बेमेतरा दौरा

**बेमेतरा।** प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका 17 मई, रविवार को एक दिवसीय प्रवास पर बेमेतरा जिले के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल दोपहर में बेमेतरा पहुंचेंगे तथा यहां जिला के विकासखंडों की समीक्षा बैठक में शामिल होकर जिले में संचालित विकास एवं जन कल्याण कारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल श्री डेका दोपहर 12:30 बजे बेमेतरा पहुंचेंगे। इसके पश्चात दोपहर 2 बजे कलेक्टर कार्यालय, बेमेतरा में आयोजित विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक में भाग लेंगे। बैठक में बेमेतरा, साजा एवं नवागढ़ विकासखंडों में संचालित योजनाओं, प्रशासनिक कार्यों तथा विकास गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की जाएगी। बैठक के उपरांत राज्यपाल शाम 4 बजे रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे तथा शाम 5 बजे लोक भवन, रायपुर पहुंचेंगे। राज्यपाल के दौरे को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। सुरक्षा व्यवस्था एवं कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

### पद्म पुरस्कार 2027 पर नामांकन आमंत्रित

**बेमेतरा।** भारत सरकार द्वारा प्रदान किए जाने वाले देश के प्रतिष्ठित नागरिक सम्मानों में शामिल पद्म पुरस्कार 2027 के लिए नामांकन एवं सिफारिशें आमंत्रित की गई हैं। यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर घोषित किए जाते हैं। पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों— पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्री में प्रदान किए जाते हैं। इन पुरस्कारों का उद्देश्य समाज के विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण एवं विशिष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करना है। पद्म पुरस्कार किसी भी जाति, पेशा, पद अथवा लिंग के भेदभाव के बिना पात्र व्यक्तियों को प्रदान किए जाते हैं। हालांकि, सेवारत सरकारी कर्मचारी (पीएसयू कर्मियों सहित), डॉक्टरों एवं वैज्ञानिकों को छोड़कर, इस सम्मान हेतु पात्र नहीं होंगे। पुरस्कार चयन में जनसेवा एवं समाजहित में किए गए उल्लेखनीय कार्यों को विशेष महत्व दिया जाता है। इन पुरस्कारों के अंतर्गत कला, समाज सेवा, सार्वजनिक जीवन, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, व्यापार एवं उद्योग, चिकित्सा ▶▶| शेष पेज 12 पर

# पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे : तिवारी

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने शिविर में सुनीं समस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/ बेरला

विकासखंड बेरला अंतर्गत नगर पंचायत भींभौरी में आयोजित सुशासन तिहार 2026 शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने आमजन से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और मांगों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, महिलाएं, किसान, युवा एवं विभिन्न योजनाओं के हितग्राही उपस्थित रहे। शिविर के दौरान शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। वहीं कृषि विभाग द्वारा प्रगतिशील किसानों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। मछली पालन विभाग की ओर से सामग्री वितरण किया गया तथा दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा लखपति दीदियों को चेक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



### संवाद और समाधान का सशक्त माध्यम

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को भी प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि सुशासन तिहार केवल एक प्रशासनिक शिविर नहीं, बल्कि सरकार और जनता के बीच विश्वास, संवाद और समाधान का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री **Vishnu Deo Sai** के नेतृत्व में प्रदेश सरकार संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य कर रही है, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

**सरकार समाज के हर वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रही :** उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें प्रभावी रूप से धरातल पर लागू करना है। यही कारण है कि गांव-गांव तक प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, किसान हितकारी योजनाएं, महिला ▶▶| शेष पेज 12 पर

## ईंधन की किल्लत : डीजल की किल्लत से खेती, परिवहन और विकास कार्य प्रभावित

# दूसरे दिन भी गहराया ईंधन संकट, पेट्रोल पंपों पर कतार, थमी रफ्तार, किसान और यात्री बेहाल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय सहित जिलेभर के नगरीय निकायों और कस्बाई क्षेत्रों में दूसरे दिन भी पेट्रोल-डीजल की भारी किल्लत से हाहाकार की स्थिति बनी रही। जिले के लगभग सभी पेट्रोल पंपों पर सुबह से देर रात तक वाहनों की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिलीं। हालात ऐसे बन गए हैं कि बाइक, कार और अन्य वाहनों में कुछ लीटर ईंधन भरवाने के लिए लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

ईंधन संकट का असर अब पूरे जिले की रफ्तार पर साफ दिखाई देने लगा है। बेमेतरा शहर के अलावा साजा, नवागढ़, बेरला, थानखम्हरिया, नांदघाट, देवकर, खंडसरा, भींभौरी, सम्बलपुर, दाढ़ी, सरदा, मारो, चंदनु, कारेसरा, हसदा, रांका-कठिया, देवरबीजा, परपोड़ी, ठेलका, छिरहा, कुसमी और कंडरका सहित अनेक इलाकों के पेट्रोल पंपों पर ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ी रही। कई स्थानों पर सीमित मात्रा में ही पेट्रोल-डीजल दिए जाने की जानकारी भी सामने आई।



### किसानों पर सबसे बड़ी मार

ईंधन संकट की सबसे ज्यादा मार जिले के किसानों पर पड़ रही है। खेती-किसानी के कार्यों के लिए डीजल नहीं मिलने से किसान परेशान हैं। खेतों में ट्रैक्टर और अन्य कृषि उपकरण खड़े हो गए हैं, जिससे आगामी फसल की तैयारियां प्रभावित होने लगी हैं। वहीं गर्मी की फसल की कटाई में लगे हार्वेस्टर चालकों को भी काफी मशक्कत के बाद सीमित मात्रा में डीजल मिल पा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार कई किसानों को घंटों लाइन में लगने के बावजूद पर्याप्त डीजल नहीं मिल सका। इससे कृषि कार्यों की रफ्तार धीमी पड़ गई है और किसानों में चिंता बढ़ती जा रही है। ▶▶| शेष पेज 12 पर

### सरकारी कामकाज और परिवहन व्यवस्था चरमराई

ईंधन संकट का असर अब प्रशासनिक व्यवस्था पर भी दिखाई देने लगा है। शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों के वाहनों को पर्याप्त ईंधन नहीं मिलने से सरकारी कामकाज प्रभावित हो रहा है। वहीं निजी क्षेत्र में भी इसका व्यापक असर देखने को मिल रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी रोजाना सफर करने वाले यात्रियों को हो रही है। डीजल की भारी कमी के चलते सड़कों पर बसों की संख्या कम हो गई है। इसके कारण यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है और चलने वाली बसों में भारी भीड़ उमड़ रही है। आवागमन व्यवस्था पूरी तरह अस्त-व्यस्त होती नजर आ रही है। लगातार दूसरे दिन भी हालात सामान्य नहीं होने से आम लोगों में चिंता और नाराजगी बढ़ती जा रही है। लोग जल्द से जल्द ईंधन आपूर्ति सामान्य करने की मांग कर रहे हैं, ताकि जनजीवन पटरी पर लौट सके।

# करोड़ों की निवेश ठगी मामले में युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में निवेश के नाम पर कथित ठगी का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार बेमेतरा जिले के उमरावनगर निवासी चंद्रेश साहू को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। मामले में करोड़ों रुपए के निवेश और सैकड़ों लोगों के प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि पिछले लगभग दो वर्षों से लोगों को अधिक लाभ और ऊंचे ब्याज का लालच देकर रकम निवेश कराई जा रही थी।

■ लोगों ने अपनी जमा पूंजी, बचत और उधार लेकर भी रकम निवेश की थी

किसी व्यक्ति ने 1 लाख, किसी ने 2 लाख, 5 लाख तो कई लोगों ने 10 लाख रुपए तक निवेश किए। शुरुआती दौर में कुछ निवेशकों को नियमित ब्याज राशि मिलने से लोगों का भरोसा बढ़ता गया और बड़ी संख्या में लोग इस योजना से जुड़ते चले गए। हालांकि कुछ समय बाद भुगतान बंद हो जाने पर निवेशकों को संदेह हुआ। इसके बाद कई लोगों ने कवर्धा सिटी कोतवाली थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायतकर्ताओं के अनुसार कवर्धा, बेमेतरा और थान खम्हरिया क्षेत्र के अनेक लोग इस मामले से प्रभावित हुए हैं। सूत्रों के मुताबिक इस पूरे मामले में एक से अधिक लोगों की संलिप्तता की आशंका है। पुलिस अन्य संदिग्ध व्यक्तियों से भी पूछताछ कर रही है। जानकारी यह भी सामने आई है कि निवेशकों की संख्या सैकड़ों में हो सकती है तथा कुल निवेश राशि करोड़ों रुपए तक पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि आकर्षक रिटर्न और अधिक मुनाफे का भरोसा देकर लोगों से निवेश कराया गया। कई लोगों ने अपनी जमा पूंजी, बचत और उधार लेकर भी रकम निवेश की थी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार संबंधित व्यक्ति द्वारा जमीनों की खरीदी-बिक्री में भी बड़े स्तर पर निवेश किया गया है। आरोप है कि निवेशकों से प्राप्त धनराशि का उपयोग विभिन्न स्थानों पर भूमि क्रय, निर्माण कार्य और संपत्ति अर्जन में किया गया। कई स्थानों पर निर्माण कार्य जारी होने की भी जानकारी सामने आई है। साथ ही कुछ संपत्तियां स्वयं के नाम तथा अन्य लोगों के नाम पर खरीदे जाने के आरोप भी लगाए जा रहे हैं, जिसकी जांच पुलिस कर रही है। कवर्धा सिटी कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर संबंधित व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है। मामले की जांच जारी है तथा साक्ष्यों के आधार पर आगे वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आम ▶▶| शेष पेज 12 पर

# श्मशान घाट के पास 38 बैल-बछड़ों को बांधकर रखा, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

ग्राम नवागांव महराजी में देर रात गौवंश को संदिग्ध परिस्थितियों में बांधकर रखे जाने का मामला सामने आने के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। गौ सेवकों की सक्रियता और पुलिस की त्वरित कार्रवाई से कथित गौ तस्करी की बड़ी आशंका का खुलासा हुआ।

मामले में दो आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गौ सेवा आयोग के विकासखंड अध्यक्ष रमेश यादव को गुरुवार की रात करीब 10 बजे सूत्रों से सूचना मिली कि नवागांव खार स्थित श्मशान घाट के पास खेत में बड़ी संख्या में बैल एवं बछड़ों को बांधकर रखा गया है तथा उन्हें बाहर ले जाने की तैयारी की जा रही है। सूचना मिलते ही गौ सेवकों की टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। रमेश यादव ने बताया कि जब टीम श्मशान घाट के पास खेत में पहुंची तो वहां लगभग 38 बैल एवं बछड़े रस्सियों से बंधे मिले। आरोप है कि पशुओं के पैर और गर्दन को क्रूरता पूर्वक बांधकर रखा गया था। गौ सेवकों को देखते ही वहां मौजूद रखवार अंधेरे का फायदा उठाकर भागने लगे।



हालांकि टॉर्च की रोशनी में उनकी पहचान कर ली गई। घटना की सूचना तत्काल नवागढ़ पुलिस को दी गई। बताया जा रहा है कि रात करीब 2 बजे पुलिस ने आरोपियों को उनके घर से उठाकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों द्वारा जुर्म स्वीकार किए जाने की बात सामने आई है। इसके बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 11, पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(1)(क), 11(1)(ज) तथा भारतीय ▶▶| शेष पेज 12 पर

## श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई भक्त माता कर्मा जयंती

# प्रकृति ही भगवान का वास्तविक स्वरूप: नारद साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नारायणपुर

ग्राम पंचायत नारायणपुर में साहू समाज एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में भक्त शिरोमणि मां कर्मा जयंती हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर भाग लिया। ढोल-नगाड़ों की थाप और माता के जयकारों से पूरा गांव भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना, हवन-पूजन एवं आरती के साथ हुई। रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में रामनगर भिलाई की प्रसिद्ध पुष्पा साहू कृत लोक कला मंच "नवा किसान" द्वारा शानदार छत्तीसगढ़ी लोकगीत, लोकनृत्य एवं पारंपरिक प्रस्तुतियां दी गईं। कलाकारों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर



रात तक तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साह का माहौल बना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला साहू संघ बेमेतरा के अध्यक्ष नारद साहू ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में जय कर्मा माता, "जय सत्यनारायण बाबा" एवं "जय मानस गंगा मैया" के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उन्होंने कहा कि प्रकृति ही भगवान का वास्तविक स्वरूप है तथा भूमि, गगन, वायु, अग्नि और नीर जैसे पंचतत्वों से ही जीवन एवं सृष्टि का निर्माण हुआ है।

उन्होंने साहू समाज के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज ने हमेशा मेहनत, त्याग, सेवा और संस्कार की परंपरा को आगे बढ़ाया है। भामाशाह के त्याग, भक्त माता कर्मा की शक्ति तथा सत्यनारायण बाबा की तपस्या को समाज की प्रेरणा बताते हुए उन्होंने कहा कि साहू समाज सदैव राष्ट्र एवं समाजहित में अग्रणी भूमिका निभाता आया है। "साहू कामहू नहीं तो काला खाहू" कहावत समाज की मेहनतकश पहचान और कर्मप्रधान परंपरा को दर्शाती है। नारद साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साहू समाज से होना पूरे समाज के लिए गर्व एवं सम्मान का विषय है।

उन्होंने समाज को शिक्षा, संगठन और संस्कृति से जुड़कर आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर गौतम साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ नांदघाट, अखिलेश साहू अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू संघ टेमरी, बेनूराम साहू महासचिव जिला साहू संघ बेमेतरा, रामकुमार साहू कोषाध्यक्ष जिला साहू संघ बेमेतरा, बिसाहूराम साहू सरपंच नारायणपुर सहित तहसील साहू संघ के पदाधिकारी, महिला प्रकोष्ठ युवा प्रकोष्ठ एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।




# 4 दिन में बेलौदी में डायरिया के 58 मरीज मिल चुके 10 अब भी भर्ती



हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

## विषाक्त पदार्थ के सेवन से उल्टी-दस्त के मामले बढ़े, हेल्थ विभाग ने लगाया कैम्प

पाटन के ग्राम बेलौदी में उल्टी-दस्त के मरीज लगातार मिल रहे हैं। पिछले 4 दिनों में 58 से ज्यादा मरीज मिल चुकी है, जिनमें से 10 अब भी भर्ती है। उनका इलाज जारी है।

बता दें कि विषाक्त पदार्थ के सेवन के बाद से गांव में उल्टी-दस्त की शिकायतें सामने आ रही है। सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी के निर्देश पर हेल्थ कैम्प लगाया जा रहा है। सर्वेलेंस अधिकारी डॉ. सीबीएस बंजारे, डॉ. भुनेश्वर कठौतिया, एपिडेमियोलॉजिस्ट रितीका सोनवानी, डॉ. उमेश मिर्जा, उत्तम मधुकर सहित अन्य नियमित रूप से गांव में पहुंच रहे हैं। डॉ. दानी से मिली जानकारी अनुसार प्रभावित क्षेत्र का स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सर्वे किया जा रहा है। सर्वे में 14 मई को कुल 150 घरों का सर्वे किया गया, जहां उल्टी-दस्त के 02 नये मरीज मिले हैं। विगत दिवस 11 मई से आज दिनांक तक कुल 58 मरीज मिले जिनमें से 10 मरीजों का इलाज जिले के विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है।

6 मरीज जिला अस्पताल, 3 मरीज सेलूद हॉस्पिटल व 1 मरीज आस्था हॉस्पिटल में भर्ती हैं। अन्य सभी मरीज घर पर चिकित्सकीय उपचार ले रहे हैं। संक्रमित क्षेत्र में उल्टी-दस्त से किसी भी मरीज की मृत्यु नही हुई है। सक्रिय सर्वेलेंस का कार्य स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है। वर्तमान में स्थिति सामान्य है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणजनों से अपील की गई है कि पानी उबाल कर पिये, सड़ीगली सब्जी न खायें, तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य चिकित्सकीय परामर्श लें और अपने व परिवार का ध्यान रखें।

## खबर संक्षेप



### सूने मकान में चोरी करने वाले दो को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए के जेवरात पार करने वाले युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि भुवनेश्वरी ने अंजोरा पुलिस के पास शिकायत किया था। उनके पिता की तबियत खराब होने के कारण राजनांदगांव गई हुई थी। अज्ञात मे मकान का ताला तोड़कर जेवरात पार कर दिया। जिसकी कीमत 2 लाख रुपए आंकी गई है। जांच में मुखबिर ने सूचना दिया कि रोशन निर्मलकर, सुमेश निर्मलकर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में दोनों ने मकान में चोरी करना स्वीकार किया। दोनों के पास से पुलिस ने सोना, चांदी के जेवरता जब्त किया है। कार्रवाई में अंजोरा चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सोनी समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### धमधा नाका में गांजा बेचने वाला गिरफ्तार



**भिलाई।** गांजा बेचने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर ग्रीन चौक दुर्ग निवासी विकास यादव उर्फ लासा को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने गांजा वजन 2.064 किलोग्राम, नगदी रकम 740 रुपये कुल सामान 1 लाख 740 रुपये जब्त किया गया। युवक के पास से एक झिल्ली में गांजा बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई हुई है।

शराब का अवैध परिवहन करते तीन युवक गिरफ्तार

### आरोपियों के पास से 97 पौवा शराब, बाइक जब्त

**भिलाई।** शराब का अवैध परिवहन करते हुए तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दो बाइक में अवैध रूप से शराब परिवहन करते युवक पकड़े गअए। पोटिया मार्ग स्थित माईनिंग चेक के पास घेराबंदी कर तीनों को पकड़ा गया। पूछताछ में युवकों ने अपना नाम ग्राम मोहरेंगा युगल शर्मा, चन्द्र कुमार कुर्रे बताया है। इसके अलावा पथरिया चौक बायपास रोड अहिवारा में घेराबंदी कर आरोपी वार्ड 4 संजय नगर नंदिनी निवासी बैसाखु राम साहू को पकड़ा गया।

## जलभराव रोकने निगम सक्रिय, शहरभर में नालों की सफाई कार्य प्रारंभ

# बारिश से पहले सभी नालों की सफाई के लिए अभियान, गिरधारी नगर नाले से शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर में बारिश के पूर्व जलभराव एवं गंदगी की समस्या से नागरिकों को राहत दिलाने के उद्देश्य से नालों की व्यापक सफाई अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। इसी कड़ी में टेंडर निविदा प्रक्रिया के तहत गिरधारी नगर नाला की सफाई कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। सफाई कार्य के लिए विशेष गैंग लगाकर मशीन एवं श्रमिकों के माध्यम से नाले की सफाई शुरू कराई गई। दुर्ग की महापौर अलका बाघमार ने मौके पर पहुंचकर सफाई कार्य का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को कार्य में गुणवत्ता एवं नियमित मॉनिटरिंग बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नाले में जमा गाद, कचरा एवं अवरोधों को शीघ्र हटाकर पानी निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए, ताकि आगामी बारिश के दौरान नागरिकों को जलभराव की समस्या का सामना न करना पड़े। आगामी बारिश को देखते हुए नगर पालिक निगम द्वारा शहर के सभी बड़े नालों की सफाई अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। अभियान की शुरुआत गिरधारी नगर नाला से की गई। महापौर अलका बाघमार ने स्थल पहुंचकर सफाई कार्य का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निगम द्वारा बारिश पूर्व जलभराव की समस्या रोकने हेतु सभी प्रमुख नालों की चरणबद्ध सफाई कराई। इस अवसर पर लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, बाजार, राजस्व विभाग प्रभारी शेखर चन्द्राकर स्वास्थ्य प्रभारी निलेश अग्रवाल, विद्युत विभाग प्रभारी एवं वार्ड पार्षद ज्ञानेश्वर ताम्रकर, एमआईसी सदस्य लीना दिनेश देवांगन, शशि साहू, हर्षिका संभव जैन, रंजीता पाटिल, अरुण सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता सहित मनमोहन शर्मा अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### महापौर अलका बाघमार ने सफाई कार्य का किया निरीक्षण



### प्रमुख नालों में अब भी कचरा जाम, लोग कर रहे शिकायत

शहर के प्रमुख नालों में शंकर नाला, गिरधारी नगर नाला, केलाबाड़ी नाला, पोटिया नाला, पुलगांव नाला, सिकोला बस्ती नाला, आदित्य नगर नाला, चिखली नाला सहित अन्य प्रमुख नाला शामिल है। वर्तमान में शहर के विस्तार के साथ ही इन नालों में कचरा और गंदगी भी बढ़ी है। नियमित सफाई नहीं होने की वजह से हर साल मई-जून माह में इन नालों की सफाई कराई जाती है, ताकि बारिश के दिनों में नालों के आसपास जलभराव की स्थिति न बने। इसके अलावा बड़ी नालियों की भी सफाई कराई जाती है। दुर्ग निगम ने इसकी शुरुआत कर दी है। चेन माउंटेन को नालों में उतारा जा रहा है। ताकि तले तक नालों की सफाई की जा सके।

### शहर के सभी नालों को प्रमुख बड़ी नालियों की होगी सफाई, कार्ययोजना बनाई गई

महापौर अलका बाघमार ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख नालों एवं नालियों की सफाई अभियान लगातार चलाया जा रहा है। नागरिकों की सुविधा एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखना निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बारिश पूर्व सभी वार्डों में सफाई व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा तथा जल निकासी से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील करते हुए कहा कि नालों एवं सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फेंके तथा शहर को स्वच्छ रखने में निगम प्रशासन का सहयोग करें।

# अरसनारा में मुरुम का अवैध खनन भुइयां पोर्टल में त्रुटी से किसान परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

जिले में इन दिनों 1 मई से सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। प्रशासन का दावा है कि लोगों की शिकायतों का मौके पर ही निराकरण का प्रयास किया जा रहा है। इन सबके बीच कलेक्टोरेट में जनदर्शन भी लगाया जा रहा है। बुधवार को जनदर्शन के दौरान 100 से ज्यादा आवेदन आए। चिलचिलाती धूप में ग्रामीण कलेक्टोरेट पहुंचे।

■ सुराज तिहार के बाद भी जनदर्शन में शिकायतों का अंबार, 100 से ज्यादा आवेदन आए

अरसनारा के ग्रामीणों ने क्षेत्र में अवैध मुरुम खनन की शिकायत की। इसी प्रकार जिले के किसानों ने भुइंयां में त्रुटी के कारण जमीन रिकॉर्ड में अपडेट कराने को लेकर हो रही दिक्कतों को कलेक्टर अभिजीत सिंह को अवगत कराया। जनदर्शन में डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव भी उपस्थित थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। अरसनारा के ग्रामीणों ने बिना अनुमति अवैध मुरूम खनन की शिकायत की। ग्रामीणों ने बताया कि गौटनिन तालाब में पिछले एक माह से जेसीबी और ट्रकों के माध्यम से बड़े पैमाने पर खनन किया जा रहा है, जिससे राजस्व नुकसान और सड़क क्षति हो रही है। तालाब में पानी नहीं होने से जल संकट बढ़ गया है तथा पशुओं और ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस पर कलेक्टर ने खनिज विभाग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम खम्हरिया निवासी कृषक ने भुईंया ऑनलाइन पोर्टल में नाम सुधार कराने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2011 में राजस्व रिकॉर्ड में नामांतरण होने के बावजूद पोर्टल पर अब भी उनके दिवंगत पिता का नाम दर्ज है।

# प्रत्येक नागरिक को आत्मचिंतन का अवसर देता है पीएम का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और बदलते अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से राष्ट्र सर्वोपरि की भावना के साथ महत्वपूर्ण संकल्प अपनाने की अपील की है। यह आह्वान केवल सुझाव नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर, सक्षम और सशक्त भारत निर्माण की दिशा में एक राष्ट्रीय जनभागीदारी का अभियान है। उक्त बातें नगर निगम भिलाई के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने कही।



■ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रहित आह्वान का नेता प्रतिपक्ष ने किया समर्थन

नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने प्रधानमंत्री के इस संदेश का समर्थन करते हुए कहा कि देश जब चुनौतियों से जूझ रहा हो, तब हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह व्यक्तिगत सुविधा से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को प्राथमिकता दे। प्रधानमंत्री का संदेश हर भारतीय के लिए संकल्प, सेवा और समर्पण का आह्वान है। उन्होंने कहा कि सोना खरीदने से परहेज, स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा और संसाधनों की बचत जैसे कदम केवल आर्थिक निर्णय नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति के जीवंत उदाहरण हैं। जब 140 करोड़ भारतीय एक दिशा में सोचते हैं, तो भारत विश्व में नई शक्ति बनकर उभरता है। श्री भोजराज सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह संदेश देश के प्रत्येक नागरिक को आत्मचिंतन का अवसर देता है। आज आवश्यकता केवल सरकार की योजनाओं की नहीं, बल्कि जनसहभागिता की है। हर परिवार, हर युवा और हर नागरिक यदि इन संकल्पों को अपनाए, तो विकसित भारत का सपना शीघ्र साकार होगा।

## नारी के आभूषण कमजोरी नहीं, शक्ति का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भाजपा नेताओं की टिप्पणी पर समाज सेविका गुरमीत कौर ने तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तानी नारी के आभूषण किसी व्यक्ति विशेष की देन नहीं, बल्कि संस्कृति का परिचायक है। तथाकथित बीजेपी के नेताओं व कार्यकर्ताओं की निम्न स्तर की टिप्पणी से देश की महिलाएं शर्मसार होती हैं। भाजापा के दिग्गज नेता सिंदूर उजाड़ने के बाद शहीदों को नमन करने की बजाय सभी माताओं, बहनों और विधवाओं को घर-घर जाकर राखी तो नहीं बंधवाते पर सिंदूर देने जरूर जाते हैं, जो की अशोभनीय है। देश का नाम रोशन करने वाली वीरांगनाएं व योद्धा के रूप में महिलाओं ने चूड़ी, बिंदी, सिंदूर के साथ तलवार लेकर अंग्रेजों से लोहा मनवाया। विदेश में जन्मी स्वर्गीय राजीव गांधी की पत्नी यूपीए चेयरमेन सोनिया गांधी ने भी चूड़ी, सिंदूर, साड़ी पहनकर ही देश का नेतृत्व किया। शर्म आनी चाहिए उन लोगों को जो चूड़ी और सिंदूर को बहुत कमजोर समझती हैं।



# कत्लखाने ले जाए जा रहे 6 मवेशी छुड़ाए गए पुलिस ने पिकअप समेत चालक को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

धमधा-खैरागढ़ मुख्य मार्ग पर अवैध मवेशी तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए धमधा पुलिस ने 6 मवेशियों से भरे एक पिकअप वाहन को पकड़ लिया।

गौसेवकों की सूचना पर ठेलका चौक के पास की गई कार्रवाई में पुलिस ने वाहन जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक मवेशियों को बेहद क्रूरतापूर्वक वाहन में ठूस-ठूसकर बिना चारा-पानी के ले जाया जा रहा था। मामले में पुलिस ने छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6 और 10 के साथ पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11 के तहत कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार गौरक्षा समिति के सदस्य केशव सोनकर, विकास अग्रवाल, वीर ताम्रकार, योगेश यादव और लोभान निषाद को क्षेत्र में अवैध पशु तस्करी की सूचना मिली थी। इसके बाद सभी लोग ग्राम ठेलका चौक के पास निगरानी कर रहे थे। इसी दौरान सुबह करीब 7 बजे महिंद्रा पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 50 जेएच 5896 वहां पहुंचा। गौसेवकों ने वाहन रोकने का इशारा किया तो चालक गाड़ी लेकर भागने लगा, लेकिन उसे पकड़ लिया गया। वाहन के पीछे का हिस्सा तिरपाल से ढंका हुआ था। शक होने पर जब वाहन की जांच की गई तो उसमें 6 मवेशी भरे मिले।

■ गौसेवकों की सूचना पर ठेलका चौक में घेराबंदी, बालाघाट निवासी आरोपी

सूचना मिलने पर धमधा पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अतुल गव्हारे निवासी पुरवाटोला, थाना लांजी, जिला बालाघाट मध्यप्रदेश बताया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि मवेशियों को ग्राम परोडा थाना धमधा क्षेत्र से लोड किया गया था और उन्हें लांजी ले जाया जा रहा था, जहां से आगे नागपुर के कत्लखाने भेजने की तैयारी थी। पुलिस द्वारा दस्तावेज मांगने पर आरोपी कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका।

# दुकान में लगी आग, यातायात पुलिस की सतर्कता से टला बड़ा हादसा



**भिलाई।** छावनी चौक स्थित एक दुकान में गुरुवार सुबह अचानक आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। समय रहते यातायात पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दुकान मालिक को बुलवाया और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार यातायात शाखा में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक सुशील पांडे अपने हमराह आरक्षक रमेश चंद्राकर, दिनेश द्विवेदी और ओम प्रकाश तिवारी के साथ सुबह करीब 9.30 बजे छावनी चौक क्षेत्र में सड़क पर खड़े भारी वाहनों पर कार्रवाई के लिए निकले थे। इसी दौरान पुलिस टीम की नजर एक दुकान से निकल रहे धुएं पर पड़ी। स्थिति को गंभीर देखते हुए पुलिस टीम तत्काल मौके पर रुकी और दुकान मालिक को फोन कर बुलाया गया। दुकान खुलवाने के बाद अंदर आग लगी हुई मिली। इसके बाद पुलिसकर्मियों और आसपास मौजूद लोगों ने मिलकर पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। समय रहते आग पर काबू पा लिए जाने से बड़ा नुकसान और जनहानि टल गई। घटना के दौरान बिजली विभाग और अग्निशमन विभाग को भी तत्काल सूचना दी गई, ताकि स्थिति और न बिगड़े।

### नगर निगम ने वसूला जुर्माना

# वाहनों की अवैध पार्किंग करने वालों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा प्रतिष्ठानों और अन्य जगहों पर वाहन खड़ी कर सड़क बाधा करने वालों पर आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशा पर सुपेला आकाश गंगा क्षेत्र में 3200 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई है। जोन-1 नेहरू नगर के स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा वार्ड 17 आकाश गंगा परिसर में प्रतिष्ठानों के सामने अवैध रूप से वाहन पार्किंग पर चालानी कार्रवाई की गई। गौरी शंकर 200, मनोज कुमार 200, सौरभ 200, प्रकाश हालधर 200, भोले बाबा 200, देवनाथ 100, पवन कुमार गुप्ता 200, रमेश गुप्ता 200 इस प्राकर कुल 1400 रुपए की चालानी कार्यवाही की गई है। इसी प्रकार राखी फर्नीचर रोड के सामने में अवैध रूप से सब्जी ट्रक पार्किंग किया गया था, जिनसे सड़क और आवागमन बाधित के रूप में कुल 1800 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई है।

## पेज 11 का शेष

### पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं ...

सशक्तिकरण कार्यक्रम एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" की भावना के साथ समाज के हर वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रही है। कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब परिवारों के पक्के घर के सपने को साकार कर रही है, वहीं आयुष्मान कार्ड जरूरतमंद परिवारों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा का मजबूत आधार बन रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों, महिलाओं, युवाओं एवं दिव्यांगजनों के लिए संचालित योजनाएं समाज में आत्मनिर्भरता और सम्मान बढ़ाने का कार्य कर रही हैं। शिविर के समापन अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जाए तथा पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

### दूसरे दिन भी गहराया ...

**विकास कार्यों पर भी संकट के बादल :** डीजल की कमी का असर जिले में चल रहे सड़क निर्माण और अन्य विकास कार्यों पर भी पड़ने लगा है। निर्माण एजेंसियों के पास मशीनें चलाने के लिए पर्याप्त ईंधन नहीं है, जिससे कई परियोजनाओं की गति धीमी हो गई है। यदि स्थिति जल्द सामान्य नहीं हुई तो करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाएं प्रभावित हो सकती हैं।

### करोड़ों की निवेश ...

नागरिकों से अपील की है कि बिना वैध दस्तावेज, पंजीकरण और वित्तीय जानकारी के किसी भी निवेश योजना में धनराशि जमा न करें तथा निवेश से पहले पूरी जांच-पड़ताल अवश्य करें।

### श्मशान घाट के पास ...

न्याय संहिता 2023 की धारा 325 के तहत अपराध कायम किया है। मामले में ग्राम नवागांव महराजी निवासी सुखेलाल सतनामी एवं धनवार सतनामी को आरोपी बनाया गया है। शिकायतकर्ता ने आशंका जताई है कि गौवंश को कत्लखाना ले जाने की तैयारी की जा रही थी। पूरे घटनाक्रम में गौसेवक मनीष शुक्ला, प्रकाश नवरंग, सोनू यदु, आकाश रजक, सत्यम ताम्रकार, नागेश यादव, सागर यादव, गज्जू निषाद, वाशु यादव, राजकुमार सिंहा एवं मोनू यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गौ सेवकों की टीम ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी तथा पूरी कार्रवाई में सक्रिय सहयोग किया। घटना के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों और गौ सेवकों ने प्रशासन से पशु तस्करी पर सख्त कार्रवाई करने तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले के हर पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### पद्म पुरस्कार 2027 पर ....

साहित्य एवं शिक्षा, सिविल सेवा, खेलकूद सहित अन्य विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाता है। इसके अतिरिक्त योग, कृषि, वन्यजीव संरक्षण, पाक कला, जमीनी स्तर के नवाचार, वास्तुकला एवं आध्यात्मिकता जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्ति भी पात्र हैं। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी तरह आम जनता के लिए खुली है तथा कोई भी व्यक्ति स्वयं का नामांकन भी कर सकता है। वर्ष 2027 के लिए नामांकन एवं सिफारिशें 15 मार्च 2026 से 31 जुलाई 2026 तक आमंत्रित की जाएंगी। चयन प्रक्रिया के अंतर्गत प्राप्त सभी नामांकन पद्म पुरस्कार समिति के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे, जिसका गठन प्रतिवर्ष प्रधानमंत्री द्वारा किया जाता है। समिति की अनुशंसा के बाद प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति की स्वीकृति उपरांत पुरस्कार विजेताओं की घोषणा की जाती है। पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित सनद (प्रमाण पत्र), पदक एवं पदक की लघु प्रतिकृति प्रदान की जाती है। यह सम्मान किसी भी प्रकार की उपाधि नहीं माना जाता तथा इसके साथ कोई आर्थिक अनुदान नहीं दिया जाता।

## राष्ट्रीय आलोक महिला अधिवेशन में रही स्थानीय भागीदारी

**जामुल।** महिला सशक्तिकरण एवं सामुदायिक नेतृत्व को समर्पित राष्ट्रीय आलोक महिला अधिवेशन का आयोजन जबलपुर में 10 मई को किया गया। अखिल भारतीय लोधी/लोधा/लोध अधिकारी कर्मचारी संघ "आलोक" के तत्वावधान में लोकेश लिल्हारे (जीएसटी कमिश्नर, जबलपुर एवं संस्थापक "आलोक") के मार्गदर्शन में यह आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राजस्थान, महाराष्ट्र, दिल्ली, मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रों से आईं महिला पदाधिकारियों कैलाशा बाई लोधी, सुखवंतां बनोरे, नीति पटेल, ललिता लोधा, योगिता लोधी, कामिनी राजपूत एवं अन्य की उपस्थिति रही। छत्तीसगढ़ से राष्ट्रीय संयोजक रुक्मणी वर्मा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी तुलसी वर्मा और प्रदेश कार्यकारिणी दीपा वर्मा उपस्थित रही। राष्ट्रीय संगठन मंत्री लालाराम जांघेल व छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा, रामकुमार जघेल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## समाधान शिविर: क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हमारी प्राथमिकता: उप मुख्यमंत्री

# सुदूर वनांचल के सुशासन तिहार शिविर में पहुंचे विजय शर्मा, सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के सुदूर वनांचल एवं बैगा बाहुल्य क्षेत्र तरेगांव जंगल में आयोजित सुशासन तिहार के समाधान शिविर में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा शामिल हुए। उन्होंने शिविर में ग्रामीणों के साथ अपने सहज और चिर-परिचित अंदाज में सीधे संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं और कई मामलों में मौके पर ही अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सुशासन तिहार शासन और जनता के बीच विश्वास एवं संवाद का माध्यम है। राज्य सरकार गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्याओं को समझने और उनका समाधान करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वनांचल क्षेत्रों का समुचित विकास और मूलभूत सुविधाओं की सहज पहुंच सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने बताया कि 100 करोड़ रुपए की लागत वाली कुसुमघटा-बैजलपुर-राजानवांगांव समूह जल प्रदाय योजना से 66 गांवों तक पेयजल पहुंचाया जाएगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जनपद अध्यक्ष श्रीमती बालका राम किंकर वर्मा, कैलाश चंद्रवंशी, विदेशी राम धुर्वे, नंद श्रीवास, श्रीमती रूपा राजकुमार धुर्वे, लोकचंद साहू, मनीराम साहू, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि और विभागों के अधिकारी उपस्थित थें।

### 50 करोड़ की नहर विस्तार परियोजना से 19 गांवों को सिंचाई सुविधा





उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा छीरपानी मध्यम परियोजना के नहर विस्तार के लिए 50 करोड़ रुपए की घोषणा की गई है। इस परियोजना से 19 गांवों के हजारों किसानों को सिंचाई सुविधा मिलेगी।

### तरेगांव जंगल क्लस्टर में 5 हजार से अधिक आवास स्वीकृत

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार गठन के बाद सबसे पहले गरीब परिवारों के पक्के मकान के सपने को पूरा करने की दिशा में कार्य किया गया। लंबे समय से आवास की प्रतीक्षा कर रहे पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति दी गई है। तरेगांव जंगल क्लस्टर जहां यह शिविर आयोजित है इसके 26 गांवों में ही 5 हजार से अधिक आवास स्वीकृत एवं निर्माणाधीन हैं।

### वनांचल में बनेंगी 19 नई सड़कें

श्री शर्मा ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार विशेष रूप से पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति क्षेत्रों तक बारहमासी सड़कें पहुंचाई जा रही हैं। तरेगांव जंगल क्षेत्र में 35.80 करोड़ रुपए की लागत से 14 सड़कों को स्वीकृति दी गई है, जिनकी कुल लंबाई 51.4 किलोमीटर होगी। वहीं 11.53 करोड़ रुपए की लागत से 5 नई सड़कों को मंजूरी मिली है।

### पीएचसी बना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

उन्होने ने स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर भी जोर देते हुए कहा कि यहां के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपग्रेड किया गया है। इसके लिए 2.5 करोड़ रुपए की लागत से भवन स्वीकृत किया गया है। इससे चिकित्सकीय सेवाओं और स्टाफ में वृद्धि होगी तथा आसपास के ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।

# क्षेत्र में कोचिया सक्रिय, घूम घूमकर कर रहे खरीददारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इस बार राशन कार्ड धारकों को तीन माह का चांवल एक साथ वितरण किए जाने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में कोचियों की गतिविधियां तेज हो गई हैं। गांव-गांव में वाहन लेकर घूम रहे को चि ए हितग्राहियों से सरकारी चांवल खरीदने में जुटे हुए हैं। शासन प्रशासन की ओर से गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से निःशुल्क अथवा 1 और 2 प्रति किलो की दर से चांवल उपलब्ध कराया जाता है, ताकि कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे, लेकिन दूसरी ओर कुछ हितग्राही इस चांवल को बेचने में लगे हुए हैं।

जैसे ही राशन दुकानों से चांवल का वितरण होता है, वैसे ही गांवों में कोचियों की आवाजाही बढ़ जाती है। बताया जाता है कि ग्रामीण हितग्राही चांवल बेचने के लिए पहले से ही कोचियों का इंतजार करते रहते हैं। कोचिए गांवों में घूम-घूमकर कम कीमत में चांवल खरीदते हैं और बाद में उसे अधिक दाम पर बाहर बेच देते हैं। बताया जा रहा है कि कई स्थानों पर सरकारी चांवल को सीधे 24 सौ रुपए प्रति क्विंटल तक में बेचा जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में खुलेआम हो रही इस खरीददारी को लेकर लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

लोगों का कहना है कि शासन प्रशासन गरीबों के लिए योजनाएं संचालित हो रहा है, लेकिन कुछ लोग निजी लाभ के लिए इन योजनाओं का गलत उपयोग कर रहे हैं। इससे जरूरतमंद परिवारों तक योजना का वास्तविक लाभ पूरी तरह नहीं पहुंच पा रहा है।

### कोचियों पर निगरानी व कार्रवाही की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांवों में घूमकर सरकारी चांवल खरीदने वाले कोचियों पर निगरानी रखी जाए और अवैध खरीददारी पर कार्रवाई की जाए, ताकि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सही लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंच सके।

# बरसात से पहले सीसी रोड निर्माण व पक्की नाली बनाने की मांग तेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कुआमालगी में राघवेंद्र साहू के घर से शिव मंदिर की ओर जाने वाली गली के रहवासियों की चिंता बरसात का मौसम नजदीक आते ही एक बार फिर बढ़ गई है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि वर्षों से इस मार्ग की स्थिति खराब बनी हुई है, जिससे बारिश के दिनों में लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के विकास के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन आज भी कई गली-मोहल्ले सड़क और नाली जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। गांव बढ़ेगा तो देश बढ़ेगा का नारा तभी सार्थक होगा, जब ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा।

यहां बताना लाजिमी होगा कि वर्तमान में गली में सीसी रोड और पक्की नाली निर्माण कार्य के अभाव में बारिश के समय कीचड़ और जलभराव की स्थिति बन जाती है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और आम नागरिकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिस पर मोहल्लेवासियों ने शासन और प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि बरसात शुरू होने से पहले तत्काल सीसी रोड एवं पक्की नाली निर्माण के लिए स्वीकृत राशि प्रदान की जाए, ताकि निर्माण कार्य समय पर पूरा हो सके।

### मूलभूत सुविधा समस्या से जूझ रहे ग्रामीण

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो बरसात के दौरान स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।
ग्रामीणों ने यह भी कहा कि पंचायत क्षेत्र में कई स्थान आज भी मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे हैं और विकास कार्यों की गति धीमी है। उन्होंने शासन-प्रशासन से गांव की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द कार्रवाई करने की मांग की है। जिस पर मोहल्लेवासी ग्रामीण चतुर साहू, राममिलन, रतन साहू, रामचरण यादव सहित अन्य ग्रामीणों ने सीसी रोड निर्माण की मांग की गई।

# मड़मड़ा में किशोर की संदिग्ध मौत, जांच जारी



■ पाण्डातराई पुलिस टीम लोगों से पूछताछ की जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई

पांडातराई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मड़मड़ा में 16 वर्षीय किशोर करन हरदेव पिता मोहन हरदेव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। घटना से गांव में शोक और सनसनी का माहौल बना हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार करन का पूरा परिवार भिलाई में रहता है। उसकी मां की तबीयत खराब होने के कारण माता-पिता भी वहीं रह रहे थे। बताया जा रहा है कि करन दो दिन पहले ही ग्राम मड़मड़ा आया हुआ था। गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने उसे घर में फांसी पर लटका हुआ देखा। घटना के समय घर का दरवाजा खुला हुआ था, जिससे आसपास के लोगों को संदेह हुआ और तत्काल ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पांडातराई पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम किया। पुलिस द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा मामले की जांच आगे बढ़ाई जा रही है। फिलहाल मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# सामुदायिक पुलिसिंग के तहत शिक्षा व प्रतिभावान छात्राओं को मिल रहा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में सामुदायिक पुलिसिंग को सशक्त बनाने एवं ग्रामीण अंचलों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज ग्राम समनापुर में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह द्वारा प्रतिभावान विद्यार्थियों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि ग्राम समनापुर में

पुलिस विभाग द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत अस्थायी स्कूल एवं निःशुल्क कोचिंग संचालित की जा रही है।

इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण एवं जरूरतमंद बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना तथा उन्हें शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 12वीं एवं 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी मेहनत और लगन से सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन कर गांव और जिले का नाम रौशन करने प्रेरित किया।



### कक्षा 10वीं व 12वीं के विद्यार्थी सम्मानित

कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जिसमें अश्वनी टेकाम 71 प्रतिशत, मंजुलता मेरावी 68 प्रतिशत, हिमानी मेरावी 67 प्रतिशत, यमुना धुर्वे 65 प्रतिशत, माया यादव 65 प्रतिशत, चंद्रभान पालके 62 प्रतिशत, रेशमा यादव 60 प्रतिशत वहीं कक्षा 10वीं में संयम काली 73 प्रतिशत, शशांक रजक 70 प्रतिशत, भुनेसरी 70 प्रतिशत, यशोदा 69 प्रतिशत, अरिमा 68 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने पुलिस विभाग की इस पहल की सराहना की।

### सेमेस्टर परीक्षा के परिणाम जारी किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

दुर्ग हेमचंद विश्वविद्यालय ने सेमेस्टर परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। दुर्ग हेमचंद विश्वविद्यालय इसमें सेमेस्टर परीक्षा एनईपी दिसंबर-जनवरी 2025-26 अंतर्गत बीसीए (एनईपी) प्रथम सेमेस्टर का ओवरऑल परिणाम 53.64 प्रतिशत, बीसीए (एनईपी) तृतीय सेमेस्टर 86.42 प्रतिशत रहा।

# सीबीएसई 12वीं परीक्षा में भावेश अग्रवाल ने किया टॉप, विद्यालय का बढ़ाया मान



■ 90.4 प्रतिशत अंक हासिल कर भावेश बने विद्यालय के टॉपर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शहर के अभ्युदय विद्यालय के छात्र भावेश अग्रवाल ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई की कक्षा 12वीं की वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गणित संकाय में 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है।

छात्र भावेश की इस उपलब्धि से विद्यालय सहित परिवार एवं मित्रों में खुशी का माहौल है। भावेश प्रारंभ से ही मेधावी एवं प्रतिभाशाली छात्र रहे हैं। शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी सक्रिय भागीदारी निभाई है। वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं युवा संसद कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर तक चयनित होकर उन्होंने विद्यालय और जिले का गौरव बढ़ाया है। उनकी मेहनत, अनुशासन एवं लगन का परिणाम इस सफलता के रूप में सामने आया है। छात्र भावेश की सफलता पर विद्यालय में अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य तोरण साहू एवं एकेडमिक हेड श्रीमती व्ही शोभा ने तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। शिक्षकों ने भावेश को अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। छात्र भावेश जिला भाजपा महामंत्री नितेश अग्रवाल के सुपुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिवारजनों, विद्यालय परिवार, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

### रूसे में संगठनात्मक बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

भाजपा मण्डल कुण्डा अंतर्गत शक्ति केंद्र रूसे में भाजपा कार्यकर्ताओं का बैठक हुआ। शुक्रवार को प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आह्वान पर जिलाध्यक्ष भाजपा राजेंद्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के कुशल मार्ग दर्शन में शक्ति केंद्र प्रभारी पूर्व महामंत्री गीताराम साहू कार्यक्रम के संयोजक सोसायटी अध्यक्ष सुधा राम साहू सह संयोजक नंदू यादव के दिशा निर्देश पर भाजपा पंच परमेश्वर का बैठक आहुत कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा किया गया। जिसमें मुख्य एजेंडा मन की बात को हर बूथ पर सुनने और चर्चा करने का संकल्प प्रत्येक बूथ कमेटी में व्हाट्सएप ग्रुप बनाने एवं कमेटी को मजबूत बनाने के विषय पर विस्तृत चर्चा बूथ स्तर के 6 कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से करने पर विशेष चर्चा एवं बूथ अध्यक्ष सचिव युवा प्रमुख महिला प्रमुख बीएलए-2 सहित अन्य विषयों पर चर्चा हुई।

### बिजनेस प्लस

### कॉक्लियर इम्प्लांट और श्रवण जांच हेतु दो दिवसीय निःशुल्क शिविर

**कवर्धा।** श्रवण समस्याओं से जूझ रहे बच्चों एवं वयस्कों के लिए कवर्धा में दो दिवसीय निःशुल्क श्रवण जांच एवं कॉक्लियर इम्प्लांट शिविर का आयोजन 16 एवं 17 मई को किया जाएगा। शिविर सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक बस स्टैंड के पास स्थित स्नेहा हॉस्पिटल में आयोजित होगा। शिविर में अनुभवी ऑडियोलॉजिस्ट एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा श्रवण जांच, स्पीच एवं हियरिंग मूल्यांकन, हियरिंग एड संबंधी परामर्श तथा कॉक्लियर इम्प्लांट से जुड़ी विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। विशेष रूप से उन बच्चों की जांच की जाएगी जिन्हें सुनने एवं बोलने में कठिनाई हो रही है। विशेषज्ञों ने बताया कि समय पर जांच एवं उपचार से बच्चों की सुनने और बोलने की क्षमता में उल्लेखनीय सुधार संभव है। शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों तक आधुनिक श्रवण सेवाएं एवं उचित मार्गदर्शन पहुंचाना है। शिविर में मरीजों एवं उनके परिजनों को कॉक्लियर इम्प्लांट, हियरिंग एड और विभिन्न सरकारी सहायता योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा का लाभ लेने की अपील की है।

## ईंधन बचत पर जोर: संयम और सतर्कता का संदेश दे रही सरकार

# गैर जरूरी यात्राओं, खर्च में कटौती की अपील



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

देशभर सहित कबीरधाम जिले में फिलहाल पेट्रोल-डीजल को लेकर किसी प्रकार की किल्लत की स्थिति नहीं है, लेकिन भविष्य की संभावित परिस्थितियों को देखते हुए केंद्र सरकार संसाधनों के संतुलित उपयोग पर जोर दे रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागरिकों से गैर जरूरी यात्राओं एवं अनावश्यक खर्चों से बचने की अपील की है। प्रधानमंत्री की अपील का असर अब प्रशासनिक स्तर पर भी दिखाई देने लगा है। कई विभागों में ईंधन की खपत कम करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। सरकारी बैठकों में ऑनलाइन माध्यम को प्राथमिकता दी जा रही है, वहीं अधिकारियों के अनावश्यक दौरे सीमित किए जा रहे हैं। कई राज्यों में वरिष्ठ अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के काफिलों में वाहनों की संख्या भी कम की गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अभी से पेट्रोल-डीजल का विवेकपूर्ण उपयोग किया जाए तो भविष्य में किसी भी संभावित संकट की स्थिति से आसानी से निपटा जा सकता है। हालांकि आम लोगों के लिए फिलहाल किसी प्रकार की बंदिश नहीं है, लेकिन स्वेच्छा से संयम बरतने की अपील लगातार की जा रही है।

### ईंधन संकट से पहले सतर्कता अपनाने की तैयारी

सरकार एवं प्रशासनिक स्तर पर लोगों को गैर जरूरी यात्राओं से बचने की सलाह दी जा रही है। निजी वाहनों का सीमित उपयोग करने और आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया जा रहा है। कई कार्यालयों में ऑनलाइन बैठकों की संख्या बढ़ाई गई है ताकि ईंधन की खपत कम हो सके।

### सोना-चांदी में विवेक पूर्ण खर्च की सलाह

बढ़ती महंगाई और आयात शुल्क में वृद्धि के बीच प्रधानमंत्री ने लोगों से सोने की खरीदारी में भी संयम बरतने की अपील की है। बाजार में सोना-चांदी के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिसका असर मध्यमवर्गीय परिवारों पर पड़ सकता है। खासकर शादी-ब्याह के सीजन को देखते हुए लोगों से जरूरत अनुसार ही खर्च करने की सलाह दी जा रही है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## संगीता और केतन शाह की जमानत याचिका खारिज

**भिलाई।** जमीन धोखाधड़ी के मामले में सिम्पलेक्स कास्टिंग लिमिटेड की डायरेक्टर संगीता शाह और उनके पति केतन शाह की अग्रिम जमानत याचिका कोर्ट से खारिज हो गई है। कोर्ट ने आदेश में कहा कि प्रथम दृष्टया मामला गंभीर प्रकृति का है और आरोपियों को जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता। बता दें कि तीन दिन पहले सुपेला थाना में कोर्ट के आदेश पर ही दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज हुआ है। आरोप है कि जमीन को विवाद मुक्त बताकर उसका सौदा किया गया, एडवांस राशि ली, लेकिन बाद में रजिस्ट्री करने से इनकार कर दिया। इस मामले में सुनील कुमार सोमन ने पहले पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने जब मामले को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई, तो उन्होंने अधिवक्ता अभिषेक दास वैष्णव के माध्यम से कोर्ट में परिवाद दायर किया। उन्होंने कोर्ट को बताया कि 13 मार्च 2023 को ग्राम कोहका स्थित जमीन का सौदा 50 लाख रुपये में तय हुआ था। इस दौरान संगीता शाह और केतन शाह ने जमीन को पूरी तरह विवाद मुक्त बताया और एडवांस के तौर पर 10 लाख रुपये लिए। आरोप है कि बाद में रजिस्ट्री कराने से मना कर दिया गया। मामले में न्यायालय के निर्देश पर सुपेला थाना पुलिस ने संगीता शाह और केतन शाह के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471, 120बी सहित विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है। इस मामले में आरोपियों ने अग्रिम जमानत के लिए कोर्ट में परिवाद दायर किया था, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया।

## कंपनी से सिलिको मैंगनीज चोरी करने वाला चालक पकड़ा गया



**भिलाई।** अंजोरा चौकी क्षेत्र में कंपनी परिसर से सिलिको मैंगनीज चोरी करने वाले वाहन चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी गई सामग्री और वारदात में इस्तेमाल वाहन जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार रायपुर पावर एंड स्टील लिमिटेड रसमड़ा के जनरल मैनेजर राधेश्याम पांडे (59 वर्ष) ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 12 मई की सुबह 6 बजे से 8 बजे के बीच कंपनी परिसर से करीब 50 किलो सिलिको मैंगनीज चोरी कर लिया गया। चोरी गई सामग्री की कीमत लगभग 10 हजार रुपए बताई गई है। शिकायत पर चौकी अंजोरा थाना पुलगांव में धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने संदेही खिलेन्द्र कुमार साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने वाहन क्रमांक सीजी 07 बी 5782 से सिलिको मैंगनीज चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक बोरी सिलिको मैंगनीज और घटना में प्रयुक्त करीब 4 लाख रुपए कीमत का वाहन जब्त किया है।

### सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, साइबर अपराध नियंत्रण और विजिबल पुलिसिंग पर दिया जोर

# वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए डीआईजी ने ली पुलिस अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा



पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना-चौकी प्रभारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, अपराध नियंत्रण तथा आधुनिक पुलिसिंग व्यवस्था को प्रभावी बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में डीआईजी ने सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखने और सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने के लिए "हमर पुलिस हमर बजार" एवं "हमर पुलिस हमर गांव" अभियान के माध्यम से हाट-बाजारों और गांवों में जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध वर्तमान समय की गंभीर चुनौती है, जिससे निपटने के लिए प्रशिक्षित बल और उन्नत तकनीक की आवश्यकता है। डीआईजी ने साइबर अपराधों की जांच में डिजिटल साक्ष्यों की सुरक्षा एवं प्रभावी प्रबंधन को अत्यंत आवश्यक बताते हुए थाना प्रभारियों को सोशल मीडिया गतिविधियों पर नजर रखने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मयोगी ऐप के माध्यम से तीनों नए आपराधिक कानूनों—भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम—का प्रशिक्षण लेने पर जोर दिया। साथ ही सीसीटीएनएस, नफीस, साइबर पोर्टल और सिटीजन सर्विसेज की भी समीक्षा की गई। उन्होंने लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान एवं शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने तथा 60 से 90 दिनों के भीतर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। तलाशी एवं जब्ती की कार्रवाई के दौरान फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी को अनिवार्य बताते हुए पारदर्शिता सुनिश्चित करने कहा गया। बैठक में बीट प्रभारियों को अपने क्षेत्रों में नियमित भ्रमण कर स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित करने तथा जुआ, अवैध शराब, मादक पदार्थों और अन्य असामाजिक गतिविधियों की जानकारी एकत्रित करने के निर्देश दिए गए। निगरानी बदमाशों एवं सूचीबद्ध अपराधियों पर सतत नजर रखने तथा बीट पुस्तिका को नियमित रूप से अद्यतन करने पर भी बल दिया गया। डीआईजी ने अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवाओं एवं अन्य अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही लंबित स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंटों की तामिली, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई और बाउंड ओवर की कार्यवाही को प्रभावी ढंग से संचालित करने कहा गया।

उन्होंने विजिबल पुलिसिंग को बढ़ावा देने, रात्रि गश्त, पेट्रोलिंग, कॉम्बिंग ऑपरेशन, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा गोवंश तस्करी पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। "सशक्त एप" के माध्यम से वाहन चेकिंग को प्रभावी बनाने एवं स्मार्ट तथा हाईटेक पुलिसिंग को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराधों के निराकरण हेतु "ऑपरेशन मुस्कान" को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा संपत्ति संबंधी अपराधों के आदतन आरोपियों पर निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए। "सुशासन तिहार 2026" के अंतर्गत प्राप्त जनशिकायतों के समयबद्ध निराकरण पर भी विशेष बल दिया गया।

डीआईजी ने अधिकारियों से कहा कि फरियाद लेकर आने वाले लोगों की शिकायतों को धैर्यपूर्वक सुनें और प्राथमिकता के आधार पर उनका निराकरण करें, जिससे आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और सुरक्षा की भावना मजबूत हो सके। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव सहित जिले के राजपत्रित अधिकारी, थाना एवं चौकी प्रभारी तथा अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

## शुभलाभ ज्वेलर्स के संचालक और दो महिलाओं समेत चार गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

दुर्ग पुलिस और एसीसीयू टीम ने सूने मकानों में चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए शुभलाभ ज्वेलर्स के संचालक और दो महिलाओं समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरोह दुर्ग और बालोद जिले में बंद मकानों की रेकी कर योजनाबद्ध तरीके से चोरी की वारदातों को अंजाम देता था।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 13 लाख 12 हजार 800 रुपए मूल्य के सोने-चांदी के जेवर, नगदी और चोरी में इस्तेमाल वाहन जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपियों में नौशाद निवासी जौनपुर उत्तर प्रदेश, नगीना और मदीना निवासी गौतम नगर खुर्सीपार भिलाई तथा शुभलाभ ज्वेलर्स पावर हाउस भिलाई के संचालक दुर्गेश गोस्वामी शामिल हैं।मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और उनकी गिरफ्तारी के लिए टीम रवाना की गई है। एएसपी सुखनंदन सिंह राठौर ने बताया कि लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए गश्त, मॉर्निंग पेट्रोलिंग और संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की जा रही थी। जांच के दौरान तकनीकी विश्लेषण और 1600 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। इसी दौरान आरोपी नौशाद की गतिविधियां संदिग्ध मिलीं। एसीसीयू और थाना वैशाली नगर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में सामने आया कि नौशाद मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले का रहने वाला है और खुर्सीपार के गौतम नगर स्थित ससुराल में रहकर मालवाहक वाहन चालक का काम करता था। आरोपी दिन में सूने मकानों की रेकी करता और रात में अपने साथियों के साथ चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। पुलिस जांच में यह भी खुलासा हुआ कि चोरी से मिले पैसों से आरोपी ने हीरो डेस्टिनी वाहन खरीदा था। आरोपियों ने पूछताछ में गुरूनानक नगर, वैशाली नगर, हाउसिंग बोर्ड जामुल, चरोदा, राधिका नगर, पुदमनगर और बालोद जिले के करहीभदर क्षेत्र में चोरी की घटनाएं करना स्वीकार किया है।

# सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती धूमधाम से मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

राजपूत क्षत्रिय चौहान महासभा 5980 द्वारा बेमेतरा जिले के देवरबीजा में अखंड भारत के अंतिम हिंदू सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जन्म जयंती हर्षोल्लास एवं भव्य रूप से मनाई गई। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में राजपूत समाज के लोग, युवा, महिलाएं एवं पदाधिकारी शामिल हुए। पूरे आयोजन में समाज की एकता, संस्कृति और गौरव की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों एवं समाज प्रमुखों ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान के शौर्य, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान केवल राजपूत समाज के ही नहीं, बल्कि समस्त हिंदू समाज के आराध्य एवं प्रेरणास्रोत रहे हैं। उनके जीवन से समाज को साहस, संगठन और राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर समाजजनों को एकजुट होकर समाजहित एवं संस्कृति संरक्षण के लिए कार्य करना का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने सामाजिक समरसता, अखंडता एवं संगठन की मजबूती पर विशेष जोर देते हुए युवाओं से इतिहास और संस्कारों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी मज्ञ्योतिमर्याद सरस्वती महाराज उपस्थित रहे। वहीं जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि बलराम पटेल, जनपद सदस्य मतिप्रेमलता गुलाब मंडावी तथा ग्राम पंचायत देवरबीजा के सरपंच हेमलाल देवांगन भी विशेष रूप से शामिल हुए।

### ये रहे शामिल

कार्यक्रम में राजपूत क्षत्रिय चौहान महासभा छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष गणेश सिंह चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर रामसिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष ठाकुर टिकेंद्र सिंह, प्रदेश सचिव ठाकुर सूरज सिंह, युवा प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर हेमंत सिंह सहित प्रदेश कार्यकारिणी के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा देवरबीजा इकाई अध्यक्ष ठाकुर महेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष ठाकुर बंटी सिंह, ठाकुर नारद सिंह, ठाकुर नरेश सिंह, ठाकुर राजेंद्र सिंह चौहान, ठाकुर दीपक सिंह, ठाकुर ईश्वरी सिंह चौहान, ठाकुर गोपाल सिंह, ठाकुर चेतन सिंह, ठाकुर उत्तम सिंह सहित प्रदेशभर की विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारी एवं समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह का समापन सामाजिक एकता एवं संगठन को मजबूत बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

# 2.63 लाख रुपए लाभ का बजट पारित, 150 लाख रुपए के विकास कार्यों को मिली मंजूरी

### देवकर नगर पंचायत परिषद की बैठक में विकास को मिली रफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा/देवकर

नगर पंचायत देवकर की परिषद बैठक 13 मई 2026 को नगर पंचायत कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। नगर पंचायत अध्यक्ष बैठक से नदारत रहे उनकी अनुपस्थिति में बैठक की अध्यक्षता उपाध्यक्ष द्वारा की गई। बैठक में समस्त वार्डों के पार्षदगण, विधायक प्रतिनिधि, मुख्य नगरपालिका अधिकारी सहित नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। परिषद की बैठक में नगर विकास, अधोसंरचना विस्तार, जनसुविधाओं और जनहितकारी योजनाओं से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा अनेक प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए लगभग 2.63 लाख रुपए लाभ का बजट अनुमोदित किया गया। परिषद द्वारा इसे नगर पंचायत की मजबूत वित्तीय स्थिति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा गया कि इस बजट से विकास कार्यों के संचालन में गति आएगी तथा जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा सकेगा।

- जनसुविधा संबंधी कार्य कराए जाने पर भी बनी सहमति

बैठक में 15वें वित्त आयोग अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों के प्रस्ताव शासन को भेजने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही अधोसंरचना मद के अंतर्गत लगभग 150 लाख रुपए की प्राप्त प्राविधिक स्वीकृति से संबंधित प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। परिषद ने अंतिम प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त होते ही निविदा प्रक्रिया प्रारंभ करने का निर्णय लिया।

बैठक में उप मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप 25 लाख रुपए लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए निविदा प्रक्रिया प्रारंभ करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। वहीं वार्ड क्रमांक 01 में 12 लाख रुपए की स्वीकृत लागत से आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य को मंजूरी प्रदान की गई। इसके अलावा लगभग 22 लाख रुपए लागत के चार अन्य विकास कार्यों के प्रस्तुत दरों का अनुमोदन करते हुए कार्य प्रारंभ करने की स्वीकृति भी परिषद द्वारा दी गई। परिषद बैठक में पार्षद निधि अंतर्गत प्राप्त राशि से नगर एवं वार्ड विकास के लिए आवश्यक निर्माण एवं जनसुविधा संबंधी कार्य कराए जाने पर भी सहमति बनी। साथ ही विभिन्न सामाजिक सुरक्षा एवं पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों को पेंशन भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई। ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए नगर में संभावित पेयजल संकट से निपटने के लिए आवश्यक कार्य तत्काल कराए जाने का निर्णय लिया गया। परिषद ने जलापूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा नागरिकों को गर्मी के मौसम में राहत उपलब्ध कराने के लिए विशेष तैयारी करने के निर्देश दिए।

### उपकरणों की मरम्मत के प्रस्ताव को मिली मंजूरी

इसके अतिरिक्त मिशन क्लीन सिटी अभियान के तहत उपयोग में लाए जा रहे वाहनों एवं उपकरणों की आवश्यक मरम्मत कार्य कराए जाने संबंधी प्रस्ताव का भी अनुमोदन किया गया, ताकि नगर की स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित न हो और सफाई व्यवस्था निरंतर बेहतर बनी रहे। बैठक के दौरान नगर विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर गंभीरता से चर्चा करते हुए परिषद ने जनहित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। परिषद सदस्यों ने नगर के समग्र विकास, अधोसंरचना विस्तार एवं नागरिक सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने की प्रतिबद्धता भी जताई। बैठक में उपाध्यक्ष अतुल शर्मा, पार्षद सुरेश सिन्हा, भारत निषाद, रामप्यारी यादव, मोहन सिन्हा, रविशंकर स्वर्णकार, ताराचंद कुम्हार, बीरेंद्र कुंजाम,देवेश कुमार गुप्ता, वर्षा साहू, पुष्पा साहू, धनीराम देवांगन, नीरा निषाद, माखन निषाद, सलमा मिर्झा, विधायक प्रतिनिधि अजय अग्रवाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी केशराम साहू, उप अभियंता दीपक आंचला ,लेखापाल गजाधर सिंह सहित अधिकारी-

# 5 वीं बार थमाया जलकर बकाया का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

नगर निगम भिलाई द्वारा किस तरह मनमानी और लापरवाही से काम किया जा रहा है, इसका एक दिलचस्प मामला सामने आया है। जल आपूर्ति विभाग द्वारा वैशालीनगर के एक ईडब्ल्यूएस मकान पर नल कनेक्शन दिखाकर भारीभरकम जलकर का राशि डिमांड नोटिस थोप दिया गया है। जबकि गृह स्वामी द्वारा कभी नल कनेक्शन के लिए आवेदन ही निगम में नहीं दिया। इस संबंध में मकान मालिक द्वारा तीन बार निगम के जोन -2 के कार्यपालन अधिकारी को अर्जी देकर शिकायत किए जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इससे परेशान होकर पीड़ित अब कमिश्नर और कलेक्टर से शिकायत करने जा रहे हैं।

### ननि ने थमाया 17 हजार का भारीभरकम डिमांड नोटिस

वैशालीनगर ईडब्ल्यूएस 200 निवासी पूजा सेजपाल को निगम के जोन -2 वैशालीनगर के जलापूर्ति विभाग द्वारा फिर से बकाया जलकर राशि का डिमांड नोट जारी कर दिया गया है। जबकि उन्होंने नल कनेक्शन लगाने के लिए निगम को कभी भी कोई आवेदन नहीं दिया। इसकी जानकारी वे पिछले 5 साल के दौरान तीन बार निगम के वैशालीनगर जोन के कार्यपालन अधिकारी को बतौर आवेदन दे चुकी हैं लेकिन बार बार जलकर जमा करने का देयक नोटिस भेजा जा रहा है। श्रीमती सेजपाल ने बताया कि उनके निवास स्थान ईडब्ल्यूएस -200 पर नीली पाइप लाइन( जलवितरण) कनेक्शन दर्शाकर 5 वीं मर्तबा वर्तमान डिमांड अवधि अप्रेल 2026 से 27 के लिए दो सौ यूनिट जल खपत के लिए 2400 रुपए जलकर का डिमांड नोटिस जारी कर दिया गया है।

# ट्रक चालक पर जानलेवा हमला, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा/थान खम्हरिया



नगर में बढ़ती नशाखोरी अब आम नागरिकों और बाहरी वाहन चालकों के लिए भी खतरा बनती जा रही है। बीती 14 मई की रात थान खम्हरिया के सिल्हाटी मार्ग स्थित वार्ड क्रमांक 14 में दो नशेड़ी युवकों ने महाराष्ट्र से शक्कर लेकर आए ट्रक चालक से रंगदारी करने की कोशिश की। रुपए देने से इंकार करने पर आरोपियों ने चालक पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया और ट्रक के शीशे तोड़ डाले। घटना के बाद पूरे नगर में दहशत का माहौल है।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। घटना के बाद नगरवासियों में भारी आक्रोश देखा गया। सर्व नागरिक मंच ने थाना पहुंचकर पुलिस को ज्ञापन सौंपते हुए नगर में खुलेआम बिक रहे गांजा, शराब और नशीली गोलियों पर तत्काल प्रभाव से सख्त कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले से ट्रक क्रमांक एमएच बीजी 2246 में शक्कर लेकर चालक राजकर्ण पाल पिता देवराज पाल निवासी चित्रकोट (मध्यप्रदेश) 14 मई की रात लगभग 10 बजे थान खम्हरिया पहुंचा था। माल अगले दिन खाली होना था, इसलिए चालक सिल्हाटी मार्ग स्थित वार्ड क्रमांक 14 में ट्रक खड़ा कर आराम कर रहा था। इसी दौरान नगर के शेषनारायण मिश्रा (23) निवासी वार्ड क्रमांक 03 तथा मिथलेश पाल (19) निवासी वार्ड क्रमांक 15 वहां पहुंचे। दोनों युवक कथित रूप से नशे की हालत में थे और चालक से जबरन रुपए मांगने लगे। चालक द्वारा विरोध करने पर दोनों आरोपी आक्रामक हो गए और लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला शुरू कर दिया।

**बढ़ती नशाखोरी से नागरिकों में भय और आक्रोश:** नगर में लगातार बढ़ रही चोरी, मारपीट, रंगदारी और चाकूबाजी की घटनाओं को लेकर नागरिकों में गहरी चिंता देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि गांजा, शराब और नशीली दवाओं की खुलेआम बिक्री के कारण असामाजिक तत्वों का हौसला बढ़ता जा रहा है। सर्व नागरिक मंच ने थाना पहुंचकर सहायक उप निरीक्षक ओंकार प्रसाद साहू को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नगर में संचालित अवैध शराब बिक्री, गांजा तस्करी और नशीली गोलियों की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई। नागरिकों ने शासकीय शराब दुकान और साप्ताहिक बाजार क्षेत्र में बढ़ती चोरी और गुंडागर्दी पर भी नाराजगी जताई।

**पहले भी उठ चुकी है नगर बंद की मांग:** नगरवासियों ने बताया कि करीब तीन वर्ष पूर्व भी नशेड़ियों के आतंक के खिलाफ सर्व नागरिक मंच ने एकजुट होकर नगर बंद तक का आह्वान किया था। उस समय दिनेश वर्मा उर्फ पाऊ के खिलाफ बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। कुछ माह पूर्व उसकी हत्या के बाद नगर में शांति लौटने लगी थी, लेकिन बीती रात की घटना ने लोगों की पुरानी चिंताओं को फिर ताजा कर दिया है। ज्ञापन सौंपने वालों में गौरव बिंदल, जितेन्द्र उपाध्याय, गोदेलाल चंद्राकर, जगमोहन यादव, गिरीश शर्मा, रिंकू मुरारका, उज्ज्वल जैन, लाला अग्रवाल, हरीश निर्मलकर, शिव केडिया, फिरोज खान, सिराज कुरैशी, जीवन साहू, विक्की पाटिल, विजय मिश्रा सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### ट्रक में तोड़फोड़, चालक गंभीर रूप से घायल

आरोपियों ने न केवल चालक के साथ बेरहमी से मारपीट की बल्कि ट्रक के शीशे भी तोड़ दिए। हमले में चालक के सिर, छाती और हाथ में गंभीर चोटें आईं। घटना के दौरान इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास मौजूद कुछ युवकों ने साहस दिखाते हुए बीच-बचाव किया और घायल चालक को आरोपियों के चंगुल से बचाया। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एक आरोपी को वहीं पकड़ लिया, जबकि दूसरा आरोपी भाग निकला। पुलिस ने देर रात घेराबंदी कर दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने प्रार्थी राजकर्ण पाल की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 309(5)(6), 296, 352(3), 115(2) एवं 334(4) के तहत अपराध दर्ज किया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नगर में अवैध नशे के कारोबार और असामाजिक तत्वों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई की जाएगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
21 मई, 04 जून, 30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411